भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1511
उत्तर देने की तारीख 10 फरवरी, 2021

5जी प्रौद्योगिकी का अंतरण

1511. सुश्री सुनीता दुग्गल:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान 5जी प्रौद्योगिकियों के अंतरण के लिए मंत्रालय द्वारा अन्य देशों के साथ हस्ताक्षर किए गए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) की सूची क्या है;
(ख) उक्त एमओयू के उद्देश्य क्या हैं;
(ग) क्या बीएसएनएल ने देश में 5जी सेवाएं आरंभ करने की योजना बनाई है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे आरंभ किए जाने का संभावित वर्ष कौन-सा है?

उत्तर

संचार, शिक्षा तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री
(श्री संजय धोत्रे)

(क) और (ख) दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय ने 5जी प्रौद्योगिकियों के अंतरण हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर नहीं किए है। तथापि, पिछले पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान अन्य देशों के साथ निम्नलिखित समझौता ज्ञापन (एमओयू)/सहयोग ज्ञापन (एमओसी) पर हस्ताक्षर किए गए हैं जिनमें 5जी प्रौद्योगिकी सहित आईसीटी/दूरसंचार के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की परिकल्पना की गई है:

वर्ष	जिन देशों के साथ एमओयू/एमओसी पर हस्ताक्षर किए गए	हस्ताक्षर करने की तारीख
2016	शून्य	----
2017	शून्य	----
2018	दक्षिण कोरिया	10.07.2018
	वियतनाम	20.11.2018
2019	कम्बोडिया	18.03.2019
2020	म्यांमार	27.02.2020
2021	जापान (सहयोग ज्ञापन)	15.01.2021

(ग) बीएसएनएल ने अभी अपने नेटवर्क में 5जी सेवाएं शुरू करने की योजना नहीं बनाई है।

(घ) उपरोक्त (ग) के मद्देनजर लागू नहीं होता।

*****